डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | कार्तिक शुक्ल पक्ष,09- 2082 | भोपाल,दिन गुरुवार,दिनांक 30 अक्टूबर 2025

न्यूज गैलरी

खाद की कालाबाजारी किसानों को परेशानी

भोपाल। भोपाल में रबी सीजन के लिए यूरिया और डीएपी की पर्याप्त आपूर्ति के दावे के बावजूद किसानों को खाद की कमी का सामना करना पड़ रहा है। कृषि विभाग का कहना है कि करीब 90 किसानों को खाद मिल चुकी है और सहकारी संस्थाओं व सरकारी काउंटरों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इसके बावजूद ब्लाइंट दुकानदार स्टॉक रोककर कालाबाजारी कर रहे हैं, जिससे किसानों में नाराजगी है।

मैनिट में सतर्कता व साइबर जागरूकता कार्यक्रम

भोपाल। मैनिट भोपाल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत सीबीआई इन्फ्राकर निगमक शाखा के प्रमुख सुमेन्द्र कुंडा (पी) ने अधिकारियों, स्टाफ और छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने सीबीआई अधिनियम, भ्रष्टाचार के प्रकार और वास्तविक मामलों के उदाहरण प्रस्तुत किए। साइबर अपराध रोकथाम पर विशेष जानकारी देते हुए साइबरसिटी सहायताएँ बताईं। कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी, डीन और शिक्षकगण ने उपस्थित रहकर भाग लिया और जागरूकता का संकल्प लिया।

आईएएस प्रीति मैथिल ट्राइफेड में डीजीएम नियुक्त

भोपाल। आईएएस अधिकारी प्रीति मैथिल को भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन ट्राइफेड में डिप्टी जनरल मैनेजर पद पर पदस्थ किया गया है। वे अब भोपाल में ही अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगी। उनके प्रभार मुक्त होने पर 2012 बैच के आईएएस अरविंद कुमार दुबे को तत्कालिक एवं साथ प्रशासकीय विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यह प्रशासनिक फेरबदल राज्य सरकार की नई कार्य संरचना के तहत किया गया।

रन फॉर साइबर अवेयरनेस का शुभारंभ

भोपाल। भोपाल में मुख्यमंत्री ने रन फॉर साइबर अवेयरनेस अभियान की शुरुआत की और कहा कि साइबर अपराध से लड़ाई सिर्फ पुलिस नहीं, पूरे समाज की है। तकनीक और कानून महत्वपूर्ण हैं, लेकिन सबसे बड़ा हथियार जागरूकता है। जब नागरिक सतर्क होंगे तो साइबर ठगी और ऑनलाइन अपराधों पर नियंत्रण हो सकेगा। कार्यक्रम में युवाओं, अधिकारियों और नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर साइबर सुरक्षा का संदेश दिया।

स्मार्ट मीटर पर हंगामा

भोपाल। भोपाल की अहमद अली ओवाक्स कॉलोनी में बुधवार को स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान जमकर हंगामा हुआ। कॉलोनी के 800 घरों में बिजली कंपनी के अधिकारी स्मार्ट मीटर लगाने के लिए पहुँचे थे। एक-दो घरों में स्मार्ट मीटर लगा भी दिया गया था, लेकिन लोगों ने बढ़े हुए बिजली बिल को लेकर जब जवाब-सवाल किया तो हंगामे की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से उपभोक्ताओं के सहमति पत्र दिखाने के लिए कहा। गोविंदपुरा बिजली कंपनी के असिस्टेंट इंजीनियर संजय बागमारे ने कहा कि उन्हें सरकार का निर्देश है। इसलिए वह मौके पर स्मार्ट मीटर लगाने के लिए आए हैं। कांग्रेस ने बगैर उपभोक्ताओं की अनुमति के जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध किया।

लोकसभा चुनाव | गोपाष्टमी पर्व पर राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में दोबारा राजनीति में सक्रिय होने के संकेत दिए

उमा भारती लड़ेंगी 2029 में लोकसभा चुनाव
गाय और गंगा के बिना राष्ट्र निर्माण अधूरा

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मप्र की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने एक बार फिर 2029 के लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कही है। गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में उमा भारती ने दोबारा राजनीति में सक्रिय होने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि मां गंगा और गोवंश से जुड़े कार्यों को और गति देने के लिए वे 2029 में लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। गाय और गंगा के बिना राष्ट्र निर्माण अधूरा है।

उन्होंने कहा कि राम का काम अब तो संकल्प पर केंद्रित है। गाय केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक और पर्यावरणीय शक्ति का आधार है। दरअसल, गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर राजधानी भोपाल के दशहरा मैदान (अरेरा कॉलोनी) में बुधवार को गोपाल का कन्यादान हुआ। काशी संस्था के जुटे श्रद्धालुओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती ने मौजूदा कर कार्यक्रम सहगामी बहनों को एक-एक गाय दी जाए

उमा भारती ने कहा कि नंगा और गौ संवर्धन का काम चलता रहेगा और इसमें आम जनता को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि लावारिस गायों को एक-एक गाय दी जाए। सड़कों में घूमा बिलकुल रखने की इजाजत है लेकिन मारा रखने की नहीं। उमा भारती ने सरकार को सुझाव दिया कि हाईवे रोड पर पॉलीथिन बोरी खाकर और पीछे चारागाह बनाए जाने चाहिए ताकि गायें सड़क पर न आए। कंजर जमीन पर नए गोचर (चरागाह) भी बनाए जाने चाहिए।

भोपाल। गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती

भोपाल। गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में जुटे श्रद्धालु

शराब दुकानें पूरी तरह खत्म करने की मांग

उमा भारती ने प्रदेश से शराब की दुकानें पूरी तरह खत्म करने की मांग की। गोवंशों से कोई कानून दुकानें को खत्म करने का प्रावधान किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के संरक्षक अवधेश त्रिपाठी के नेतृत्व में गोपाल साधारित कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम डेढ़ वर्ष तक चलते रहेंगे।

एक्सपोर्ट 66,218 करोड़ रुपए पर पहुंचा मप्र ने निर्यात क्षेत्र में रचा नया इतिहास

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मप्र का निर्यात पहली बार 66,218 करोड़ रुपए पार गया है। यह अब तक का सर्वोच्च निर्यात है। प्रदेश ने निर्यात क्षेत्र में बेहतरीन सफलता प्राप्त करते हुए यह रिकार्ड हासिल किया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश का सर्वाधिक एक्सपोर्ट 66,218 करोड़ रुपए और आईटी कंपनियों का निर्यात 4,038 करोड़ रुपए रहा। निरंतर औद्योगिक विकास और आर्थिक सशक्तिकरण परिणामस्वरूप मप्र की राष्ट्रीय निर्यात रैंकिंग 15 में दो बढ़कर 11वें स्थान पर पहुंची है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है, क्योंकि प्रदेश के अनेक के निर्यातक अपने उत्पादों का निर्यात गुजरात और महाराष्ट्र के बंदरगाहों के माध्यम से करते हैं, जिससे उनके आंकड़े प्रायः अन्य राज्यों के खाते में दर्ज हो जाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल ही मप्र एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी का शुभारंभ किया। इस नीति के तहत निर्यातकों को प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता और विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। जिससे प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में नई गति मिली है।

कार्यशालाओं में एपिडा, राष्ट्रीय परिषद, कॉटेन कॉर्पोरेशन ऑफ मिनाडा, हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन इंडिया, ईसीजीएस, एसमी आई एक्जिम बैंक, भारतीय डाक विभाग और प्रमुख ई कॉमर्स मंचों के विशेषज्ञ भाग लेंगे। विशेषज्ञ मार्केटिंग फिकेटिंग, जी आई टैगिंग, मुनाफा परीक्षण, वित्तीय सहायता, बीमा लॉजिस्टिक्स और डिजिटल मार्केटिंग जैसे विषयों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन देंगे। मप्र की असली पहचान उसकी कृषि परंपरा और हुनर से निर्मित है। प्रदेश जहां कपास, सोयाबीन, मसाले, अनाज और उपोत्पादों के उत्पादन में अग्रणी है, वहीं साड़ी कलाकृति के खिलौने, चंदेरी और छोटे आधारित वाराणसी प्रदेश की वैश्विक पहचान बन रहे हैं। एक्सपोर्ट प्रमोशन विषयक कार्यशालाएं और प्रदर्शनियां हुई।

नवनियुक्त प्रदेश कार्यालय मंत्री ने किया पदभार ग्रहण

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। श्री श्याम महाजन सैकड़ों कार्यकर्त्ताओं और वरिष्ठजनों के साथ प्रदेश कार्यालय पहुंचे। प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन ने कार्यालय परिसर में स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना करने के पश्चात जनसभा को सम्बोधित की। श्यामप्रसाद मुखर्जी एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर राष्ट्र निष्ठा, सेवा और संगठन के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। पदभार ग्रहण के अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुहास शर्मा, डॉ. निशांत खरे, प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, प्रदेश प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम में मौजूद भाजपा पदाधिकारी नीलिमा प्रभारी आशीष दुबे अग्रवाल, पूर्व प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राजेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र सिंह राजपूत, अर्चना सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंटकर व मुंह मीठा कराकर हमारा महाजन का स्वागत किया। उन्होंने प्रदेश कार्यालय परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर पारस्परिक संवाद और समन्वय को मजबूत बनाने पर बल दिया।

100 फीसदी मुआवजे की मांग को लेकर कांग्रेस ने राजस्व मंत्री को सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

ग्वालियर, विदिशा सहित कई जिलों में भारी बारिश के चलते किसानों की फसलों को नुकसान को लेकर मुआवजा राशि देने की मांग को लेकर नेताओं ने राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन जिलों में जाकर सर्वे करना चाहिए। किसान बहुत परेशान है, कांग्रेस के दो विधायक धरने पर बैठे हुए हैं।

मंत्री वर्मा ने आश्वासन दिया कि कलेक्टर ने कल मंत्री वर्मा को ज्ञापन सौंपने कांग्रेसी।

है। कि देश और प्रदेश में किसानों की हितैषी सरकार है। सरकार मुआवजा राशि वितरित करेगी, लेकिन कांग्रेस के पूर्व विधायक नीतू किलेदार ने कहा मंत्री वर्मा को ज्ञापन सौंपने कांग्रेसी।

ने कहा इस मामले में पूरी गंभीरता बरते हुए जहां पर राहत राशि को तत्काल किसानों को पहुंचना चाहिए। अन्ही जिले के कलेक्टर ने निरीक्षण तक नहीं किया है। सिर्फ 10 नुकसान बात कर सर्वे किया जा रहा है। कांग्रेस की मांग है कि किसानों को पूरा मुआवजा दिया जाए। जिससे किसानों की भरपाई हो। इस संबंध में राजस्व मंत्री ने भरोसा दिया है।

महिला डीएसपी पर चोरी का आरोप

भोपाल। भोपाल में महिला डीएसपी कल्पना रघुवंशी पर अपनी दोस्त के घर से दो लाख रुपये गबन और एक मोबाइल चोरी करने का आरोप लगा है।

घटना सीसीटीवी में कैद हुई, जिसमें वे नोटों की गड्डी लेकर निकलती दिखीं। अहमदीनगर पुलिस ने एनसी दिखाकर एफआईआर दर्ज की है। मोबाइल लौटा दिया गया, पर कैश नहीं मिला। डीएसपी कल्पना ने, पीएचक्यू ने नोटिस जारी कर विभागीय कार्रवाई शुरू की है।

अगले 24 घंटे में ढाई से साढ़े 4 इंच बारिश की संभावना

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्यप्रदेश में अब सागर के डिवेशन, रायसेन की खाड़ी के जीप विशेषज्ञ और उत्तर भारत के साइक्लोनिक सर्कुलेशन का संयुक्त असर दिखाई दे रहा है। बुधवार को कई जिलों में बारिश हुई, जबकि भोपाल, इंदौर और उज्जैन में तेज हवाओं से पारा गिर गया।

उज्जैन में दिन का तापमान 23 डिग्री तक पहुंच गया।

गुरुवार को सिवनी और मंडला में बारिश व बदिली जिलों(बालाघाट, रीवा, नरसिंह, सीधी, सिंगरौली, नैहर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, छिंदवाड़ा, मंडला और बालाघाट में अगले 24 घंटे में ढाई से साढ़े चार इंच तक भारी बारिश के आसार है।

खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा,पाढ़ूर्ना' सिवनी, जबलपुर, कटनी और पन्ना में हल्की बारिश के साथ गरज-चमक और कभी-कभी तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं भोपाल, इंदौर और उज्जैन में भी हवा की रफ्तार सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने नागरिकों को सावधान रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और कमजोर-खेतों की सुरक्षा के उपाय करने की सलाह दी है।

सागर में बेटे ने ही की माता-पिता की हत्या

डीआर संवाददाता॥ सागर

सागर में एक युवक ने अपने माता-पिता की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी लाशों के पास ही बैठा रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे हिरासत में लिया और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

वारदात देवरी थाना इलाके के सुनवारा गांव में बुधवार रात की है। पुलिस ने बताया कि मनोज सेन (65) अपनी पत्नी शांतिबाई सेन (62) के साथ टिकरिया चौराहे के पास रहते थे। वह से उनका अपने छोटे बेटे विजयकुमार सेन से किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद ने सम्बाद से हमला कर माता-पिता की हत्या कर दी।

दोनों के चीखने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। पड़ोसी देखकर आपत्ति 112 को फोन किया।

घर के बाहर पड़े मिले शव

देवरी एसडीओपी शशिकांत रायकवार ने बताया– हायवे 112 पर हत्या की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घर के बाहर सड़क पर दोनों के शव पड़े थे। जिन्हें पंचनामा बनाकर अस्पताल भेजा। हत्या के कारणों की जांच की जा रही है।सागर के देवरी में युवक ने पारिवारिक विवाद में माता-पिता की हत्या कर दी। सागर के देवरी में युवक ने पारिवारिक विवाद में माता-पिता की हत्या कर दी। आरोपी ने नहीं बताया हत्या का कारण डीआई गजेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया है।

बिहार चुनाव | कटेरिया, नारानगर एवं आलमनगर सीटपर की सभाएं

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बिहार विकास की अपार संभावनाएं तेजी से आगे बढ़ रहा है,

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को बिहार के बांका जिले के कटोरिया, भागलपुर जिले के नाथनगर एवं कोढ़ा जिले के आलमनगर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आलमपुर से एनडीए प्रत्याशी नरेश नारायण, नाथनगर से प्रत्याशी मिथुन यादव और कटोरिया से प्रत्याशी पूरन लाल के समर्थन में जनसभा को संबोधित

सबका विकास के लिए बिहार में चाहिए तीसरी बार एनडीए सरकार

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के बाद अब बिहार के सीतामढ़ी में बनेगा माता सीता का भव्य तीर्थ

किसान सम्मान निधि 74 लाख किसानों को

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया हमें अब सम्मान की नजरों से देखती है। बिहार आगे बढ़ना चाहिए, देश आगे बढ़ना चाहिए और हर घर का बेटा-बेटी आगे बढ़ना चाहिए। अगर बिहार को आगे बढ़ाने का सीना बाई देना है तो डबल गारंटी जरूर चाहिए। ये किसान हितैषी के आता है लेकिन पार्टी ने मुझे मुख्यमंत्री बना दिया। पंगनाम की राम को लेकर लगातार खड़े करने वालों को सबक सिखाए।

कांग्रेस नेता हिंदू-मुस्लिमों को कहाँ तक लड़ाते रहे

डॉ. यादव ने कहा कि बाबा महाकाल की नगरी से एनडीए प्रत्याशियों की जीत का आशीर्वाद लेकर आया हूं।

आधी रात एम्स डॉक्टरों का नशे में हंगामा, पुलिस से बदसलूकी 1 डॉक्टर बर्खास्त

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

शहर में मंगलवार देर रात एम्स भोपाल के चार रेजिडेंट डॉक्टरों ने शराब के नशे में हंगामा किया। घटना एम्स के इमरजेंसी गेट के बाहर करीब 2 बजे की है, जहां डॉक्टर अपनी कार में शराब पार्टी कर रहे थे। पुलिस मौके पर पहुँची तो एक डॉक्टर ने अभद्रता शुरू कर दी। उसने पुलिसकर्मियों को धमकाते हुए कहा–कल 2016 से यहां हूं, 10 बार्ड के अफसरों को जानता हूं, तुम कौन हो?"

सोशल मीडिया पर घटना के वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें डॉक्टर लाल रंग की कार पर बीयर की बोतल, स्नैक्स और गाड़ी के अंदर नशे की हालत में पड़े दिखाई दे रहे हैं। एक डॉक्टर पुलिस से बहस करता और गाली-गलौज करते नजर आ रहा है।

एम्स प्रशासन ने घटना को गंभीर मानते हुए तात्कालिक एक्शन लिया है। मेडिकल संस्थान ने रेजिडेंट डॉक्टर डॉ. साहिल को 'तत्काल प्रभाव से बर्खास्त' कर दिया। बाकी डॉक्टरों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी है।

एम्स सिक्योरिटी ने कहा कि घटना गेट के बाहर हुई, इसलिए पुलिस ने उन्हें डॉक्टरों को सौंपा। बागसेवनिया थाना प्रभारी के अनुसार मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी और सभी की पहचान की जा रही है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | कार्तिक शुक्ल पक्ष,09- 2082 | सीहोर,दिन गुरूवार,दिनांक 30 अक्टूबर 2025

न्यूज गैलरी

31 अक्टूबर को सभी थानों में आयोजित होगी एकता दौड़

सीहोर। शासन के निर्देशानुसार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर 2025 को प्रदेश के सभी पुलिस थानों में रनफला दौड़ (लघु मैराथन) का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य नागरिकों में एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत बनाना है। इस संबंध में विशेष शासन बल पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य देश में एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों में सामरसता का संदेश फैलाना है। इस अवसर पर सभी पुलिस थाने स्तर पर 31 अक्टूबर की सुबह 8 बजे से रनफला दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

प्रशासन को पार्किंग व्यवस्थित करानी चाहिए

सीहोर। इंदौर भोपाल हाईवे पर बने बैंकों के पास अपनी पार्किंग नहीं है। बैंक अधिकारी, कर्मचारी और ग्राहक अपने वाहन बैंकों के सामने ही खड़े कर देते हैं। इससे हाईवे पर विनायक जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे ज्यादा परेशानी बस स्टैंड के सामने होती है। वहां अपने वाहन लोग वाहन खड़े रहते हैं। इससे अक्सर जाम लग जाता है। इसके पास कई बैंक हैं, लेकिन किसी के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इससे गुजरने वाले वाहनों को निकलने की जगह नहीं मिलती।

दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम

सीहोर। सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित उपचार के लिए सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम क्रियान्वित की गई है। इसके तहत पीड़ित ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम लिस्टेड अस्पताल में प्रति पीड़ित एक लाख पचास हजार रुपए तक की स्कीम के नगदी रहित उपचार करा सकता है। गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को गोल्डन आवर के अंदर अस्पताल तक ले जाकर उनकी सहायता करने वाले सह-यात्रियों को प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार रुपए एवं सर्टिफिकेट दिया जा रहा है।

जानलेवा हमले के आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग

सीहोर। इछावर क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुरा निवासी पीड़ित किसान रूपसिंह वर्मा ने जनसुनवाई में आवेदन देकर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। आवेदन के अनुसार, 23 अक्टूबर को वह अपने भाई दीपक के साथ ट्रैक्टर से खेत पर बोनी करने जा रहा था। तभी गांव के ही चार लोग रास्ते में अचानक ट्रैक्टर रोकने लगे और बोले कि यहां से ट्रैक्टर नहीं ले जाना है। पीड़ित ने बताया कि जब वे ट्रैक्टर लेकर वहां से जाने लगे, तो उन्होंने पत्थर बरसाए, जिससे उनके भाई दीपक के पैर, हाथ और पीठ में गंभीर चोटें आईं। किसी तरह दोनों भाई जान बचाकर वहां से निकले और पुलिस को कॉल किया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी आरोपी वहां से फरार हो गए। रूपसिंह वर्मा ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने तहसील कार्यालय, एसडीएम इछावर व तहसीलदार को भी आवेदन दिए थे, लेकिन अब तक न तो रास्ता खुला और न ही आरोपियों पर ठोस कार्रवाई हुई।

प्रदर्शन हजारों आदिवासियों ने सड़कों पर किया प्रदर्शन, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी हुए शामिल

शिवराज सिंह -पुराने कब्जाधारी आदिवासी परिवार नहीं छोड़ेंगे जमीन, मैं उनके साथ खड़ा हूं

डीआर संवाददाता» भैरूंदा

सालों से काबिज आदिवासी परिवारों के लोगों ने सोमवार के दिन वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने जमीन के नोटिस जारी कर बुवाई नहीं करने को लेकर कोटवार से गांवों में ढुंढी पिटवाई गई। इसी के विरोध में हजारों की संख्या में आदिवासी परिवारों के लोगों ने खूबास को भैरूंदा नगर में रैली निकाली गई। इस दौरान डामोर क्षेत्र से बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्रॉली अन्य वाहनों से नगर के समाजवादी जोड़ पर एकत्रित होकर इन्दौर मार्ग से दशहरा मैदान तक पैदल रैली निकाली गई। इस दौरान हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष बुढ़ा और छोटे बच्चे शामिल थे। हाथों में तख्ती लिए, हमारी जमीन पर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा बेदखली कार्रवाई नहीं चलेगी, नहीं चलेगी के नारे लगाए गए। अनुसूचित जनजाति पंचायत में कार्यक्रम स्थल पहुंचे।

इनकी आंखों में तो शिवराज खटक रहा है

शिवराज सिंह चौहान ने कहा एक तरफ पूरा देश दिवाली की खुशहाली दूसरी तरफ बहन बेटियों में आंसू जंगल के बेटिस जारी कर दिए इसके बच्चे को हटीक नहीं। अनुसूचित जनजाति पंचायत आयोजन में हमारे इस बैनर नीचे कृषिमंत्री शिवराज ने कहा जहां पूरा देश दिवाली की खुशहाली जाम रहा था तो पूरी तरह आदिवासी परिवार बहन, बेटियों के आंखों में आंसू लटक रहे थे। कुन्ना डांटियां होती रही। इन गरीब अनपढ़ आदिवासियों को दिवाली तो बीच से मातम होने देते। बेटिस से जिलों के बाद में फिर वापसाने है। इन अधिकारियों ने ठीक नहीं किया इनके को हाथ ठीक नहीं है। इन अधिकारियों को अमर्यादित कदम रहा है।

कार्यक्रम जमीन पर सख्त पर बुवाई होगी इस दौरान उन्होंने

इस विभाग के अधिकारियों को रास्ता दिखाया गेरे हुए कह रही से आदिवासियों का करता है। उनके नोटिस दिया गया है। ये गड़ी गड़ी है। इस जमीन से उनका 3 वर्षों का मतम पोषण और कमाई होती है। उस पर कुबाई नहीं करने के नोटिस जारी कर दिए। ऐसा नहीं चलेगा केंद्र व राज्य में हमारी सरकार है, प्रदेश के मुखिया भी रीवांचल से हिलेशी है। मुखजी से महले भी इस विषय पर कम सर्वा हुई है। आज भी हम इस विभाग के मामला से सभी की बात पहुंचा रहे हैं। आगे भी बात करेंगे। पुरानी काबिज जमीन पर खाम पर ही बुवाई की जाएगी।

रिसॉर्ट बनाने के लिए जमीन, गरीब की झोपड़ी बनाने के लिए नहीं

केंद्रीय कृषिमंत्री ने कहा कुनी वन विभाग क्षेत्र में कुछ बड़े अमीर लोगों की नजर है। कुनी के इस विभाग क्षेत्र में रिसॉर्ट बनाने चाहते है। रिसॉर्ट बनाने के लिए भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं। लेकिन गरीब असहाय आदिवासियों की झोपड़ी बनाने के लिए जमीन नहीं है। आदिवासियों को हटाओ तो हम अमीर बड़े कब्जा कर सके और बड़े रिसॉर्ट बना सकें।

इस दौरान रानी राजेश्वरी लोगों से कहा एक जमाने गरीबों को तो कोई भी तोड़ देता सामंतित बनी बनेई नहीं तोड़ सकता। गरीब गांव में कभी सामाजिक होगी को एक करने के लिए टीम तैयार करो। एक व्यक्ति को कोई परेशान करे तो उसका सभी मिलकर सहयोग करो। किसी भी प्रकार से आने वाली समस्या का मिलकर एक साथ सामना करें। शिवराज सिंह से आज है कल नहीं रहेगा। अपनी जिम्मेदारी समझे और किसी भी परिस्थिति का सामना करना सीखें। इस कार्यक्रम में शामिल बुवाओं और बच्चों से भरे हो रहे मुकदमा और घर परिवार को टूटने से रोका सायक पदार्थ नशीले पदार्थों का सेवन न करने की बात के कार्यक्रम के समापन के दौरान में खिला डीएफओ एवं एसडीएम सुधीर कुशवाहा को प्रमाण सौंपा गया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कुनी क्षेत्र विधायक रमाकांत नागर, जिला अध्यक्ष नरो मेवाड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि गलवीय, रघुनाथ पारी, नगर मंडल अध्यक्ष मनोज हिलिर, मण्डल अध्यक्ष आदेश डाम्र निर्मला बारेला, पेंडीसिंह दुर्वे, सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

खाद के लिए किसानों की जद्दोजहद: भाऊखेड़ी सोसाइटी में लगी लंबी कतार,

डीआर संवाददाता» सीहोर

जिले में गेहूं की बुवाई से पहले किसानों को खाद संकट का सामना करना पड़ रहा है। भाऊखेड़ी सोसाइटी सहित कई खाद विक्रय केंद्रों पर किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है। किसानों को एक-एक बोरी खाद के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। दीपावली के बाद भी यह स्थिति बरकरार है, जिससे किसान बेहद परेशान हैं।

बुधवार को भाऊखेड़ी सोसाइटी में सुबह से किसानों की लंबी कतारें लगी रहीं। विक्रय केंद्र पर न खुलने के कारण किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा। किसान अपनी बही (खाता-बही) कतार में लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। कई किसानों को दिनभर की मशक्कत के बाद ही खाद मिल पाई।

सोयाबीन के बाद गेहूं की फसल के लिए भी खाद संकट-यह हालात उस समय की याद दिला रहे हैं जब सोयाबीन की बुवाई के दौरान भी इसी तरह का खाद संकट देखने को मिला था। इस समय जिले में सोयाबीन की कटाई जारी है और किसान अब गेहूं की बुवाई की तैयारी में जुट गए हैं। कई किसानों ने गेहूं और चने की बुवाई भी शुरू कर दी है, ऐसे में खाद की मांग तेजी से बढ़ गई है।

इस संबंध में कृषि विभाग के अधिकारी अनिल जाट ने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। संभव है कि किसी एक केंद्र पर अधिक किसान पहुंच जाने से भीड़ बढ़ी हो। वहीं किसानों का कहना है कि विक्रय केंद्र समय पर नहीं खुलते, जिससे उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है। वितरण व्यवस्था में अव्यवस्था के कारण अलावा लगातार परेशान हैं।

8 डिग्री गिरा, ठंडी हवा से बढ़ी ठंड, हल्की बारिश भी हुई

डीआर संवाददाता» सीहोर

जिले में चक्रवाती तूफान के प्रभाव से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। पिछले तीन दिनों से आसमान में बने बादल छाए हुए हैं और ठंडी हवा चल रही हैं। इसके चलते न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 21 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है, जिससे ठंडक बढ़ गई है। यह लगातार तीसरा दिन है जब सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंच पाई हैं। जिले के कई इलाकों में एक-एक कर

किया तहसील में कितनी बारिश (1 जून से 30 तक) सीहोर 3865 इंच, रायपुरकलां 3768 इंच, आष्टा 3655 इंच, जावर 3220 इंच, इछावर 3086 इंच, भैरूंदा 4884 इंच, बुधनी 6250 इंच, रेहली 5230 इंच

हल्की बारिश भी दर्ज की गई है।

3 दिन से यहां कितनी बारिश लगातार की वापसी के बाद भी पिछले तीन दिनों में जिले में लगातार तेज बारिश दर्ज की गई है। इस दौरान जावर में 0.31 इंच, सीहोर में 0.08 इंच, रायपुरकलां में 0.10 इंच, आष्टा में 0.08 इंच, इछावर में 0.25 इंच, भैरूंदा में 0.30 इंच और रेहली में 0.17 इंच बारिश हुई है। जिले में कुल औसत बारिश 0.15 इंच रिकॉर्ड की गई।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ने मनाया अपना 38वां स्थापना दिवस

डीआर संवाददाता» सीहोर

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीहोर ने 38वें स्थापना दिवस का भव्य समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस सिकरवार पाटीर और विशेष अतिथि जिला पंचायत सीईओ सुनील यादव ने माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

इस अवसर पर वृ कार्यालय द्वारा सरस्वती पूजनकाना प्रस्तुत की गयी, विद्यालय की प्रधानमंत्री फुल चौधरानी ने अतिथियों का स्वागत हरित पौधों के साथ ही स्मृति चिह्न देकर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दीं।

अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा लगायी गयी विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया और नवाचार संबंधी मॉडल्स और परियोजनाओं की मुक्त कंठ से सराहना की।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्री पाटीर ने बच्चों को आमंत्रित प्रदान करते हुए, विद्यालय के सत्र 2025 में कक्षा 12 में 10 में से 10 छात्रों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीहोर प्राथमिक फुल श्रीवास्तव को सी प्रशिक्षित परीक्षा परिणाम और सर्वाधिक उत्कृष्ट शुल्कांक के लिए ट्रॉफी प्रदान कर अभिनंदन किया।

कृषि उपज मंडी में हुई भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक

डीआर संवाददाता» सीहोर

भारतीय किसान संघ जिला सीहोर की मासिक बैठक बुधवार को कृषि उपज मंडी में आयोजित की गई। बैठक में किसानों के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। जिसमें राजस्व, बिजली, सहकारिता और कृषि विभाग से संबंधित समस्याएं प्रमुख रही। वर्तमान में चल रही रबि सीजन की तैयारी में किसानों को खाद और बीज में आ रही परेशानियों पर चर्चा हुई। उचित मूल्य पर खाद और गुणवत्ता पूर्ण बीज एवं निर्बाध और सतत रूप से बिजली की व्यवस्था की सरकार भुगतान में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो कोई किसान इस योजना से वंचित ना रहे। मंडी प्रशासन इस बात का विषेष ध्यान रखें प्रशासन किसानों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुने एवं गंभीरता से निराकरण करें। तत्पश्चात संगठनात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत हमारे वर्ष के प्रमुख वार उत्सव में 29 अक्टूबर को 12 नवंबर तक चलने वाला गौ माता पूजन का कार्यक्रम गोपाष्टमी के उपलक्ष में मनाया गया।

कृष्ण मृग रेस्क्यू , 153 पकडे

डीआर संवाददाता» सीहोर

कृष्ण मृग रेस्क्यू अभियान फिर से शुरू हो गया है और बुधवार को लाखनादौन जिले में गोलाबाजार तहसील क्षेत्र में 153 कृष्ण मृग पकड़े गए। किसानों की फसलों को नुकसान से बचाने और कृष्ण मृगों को सुरक्षित स्थान पर भेजने के लिए वेश ने चलाया है।जिला पंचायत आयोजित कार्यवीर देवेन्द्र अभियान चलाया जा रहा है। अब तक कुल 400 कृष्ण मृगों को सुरक्षित स्थानान्तरित गांधीसागर अभयारण्य और अन्य उपयुक्त वातावरणों में छोड़ा जा चुका है।

बुधवार को लखनिया घाट और निवनिया खुर्द के बीच में आकार की बोना दीपक लगाई गई और हेलीकॉप्टर की मदद से रामरीसिंगी, खड़ी, गोलाबाजार, गोरता लेवड़ी, लखेनी, परसवी और सकरई गांवों के खेतों में मृग पड़े कृष्ण मृगों को दीवार से घेराव लगाकर पकड़ा गया। वेटनरी सीएमओ आरएस पटेल ने बताया कि प्रारंभिक 400 मृगों को स्थानान्तरित करने का लक्ष्य पूरा होने वाला है, जबकि 600 और मृगों को पकड़ने की अनुमति का प्रस्ताव केंद्र सरकार से पास लंबित है।

वरिष्ठ नागरिकों के सांकेतिक धरना प्रदर्शन को कांग्रेस का मिला साथ

डीआर संवाददाता» सीहोर

जिला मुख्यालय पर हाल्टिंग बोर्ड अंडरब्रीज रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज में अनियमितताओं को लेकर वरिष्ठ नागरिकों ने धरना प्रदर्शन किया। इस धरना प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती भी शामिल हुए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि यह मामला जनता की सुरक्षा और सुविधा से जुड़ा हुआ है, जिस पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन समय रहते इस पर उचित संज्ञान नहीं लेता तो भविष्य में संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। स्थानीय निवासियों की मांग जायज है और स्वीकृत सर्विस रोड का निर्माण तुरंत शुरू होना चाहिए।

पांच हजार लोग प्रभावित

सांकेतिक धरना प्रदर्शन में बैठे वरिष्ठजनों ने बताया कि बिज निर्माण से लगभग पांच हजार लोग प्रभावित हैं, जिनमें पं. दीनदयाल नगर, स्वामीआत्मा मुक्तजी नगर सहित कई कॉलोनियों के निवासी शामिल हैं। नागरिकों ने आरोप लगाए कि मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल द्वारा कराया गया मुख्य मार्ग पूरी तरह बंद है। बिज से दोनों तरफ सर्विस रोड नहीं दी गई है, जबकि एक तरफ सेजाटीआई का दिया हवाला सवासी कल्याण समिति ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में अधिकार के अधिकार से प्राप्त जानकारी का हवाला दिया, जिसमें बताया गया है।

कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में दिखी बृजधाम की झलक, अन्नकूट की प्रसादी ग्रहण करने पहुंचे हजारों श्रद्धालु

श्दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद बांट गया, हजारों की तादाद में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे थे

डीआर संवाददाता» सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी पिलखनिया हेल्प स्थित निर्माणाधीन दुरवा मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को भव्य अन्नकूट उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बृजधाम की झलक दिखाई दी। मंदिर परिसर में भव्य रूप से गोवर्धन और 56 भोग से गिरिराज जी झांकी के समक्ष सजाए गए थे। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद बांटा गया, हजारों की तादाद में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे थे। यहां प्रसादी में 56 प्रकार के भोग लगाए गए, जिनमें तीन प्रकार की खीर, अनेक प्रकार के मिष्ठान, एक दर्जन से अधिक मिठाईयों के अलावा औषधीय पकवान शामिल थे। इस मौके पर सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में वहां पर कितलेश सेवा समिति के तत्वधान में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क जल से भोजन प्रसादी की व्यवस्था की थी। दिव्य महापुराण के उपरांत मंदिर परिसर में अन्नकूट की झांकी सजाई, वहीं यहां पर ग्रीन ठेठ जल से अधिक श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया।

परमपूज्यनुसार सुबह व्यवा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा सहित विठलेश सेवा समिति के पदाधिकारियों की मौजूदगी में मंदिर परिसर के विशाल हाल में अन्नकूट दर्शन का आयोजन किया गया। उसके बाद भी सुबह एवं गोवर्धन नाथ की आरती के पश्चात बाबा गोवर्धन नाथ जी एवं कुबेरेश्वर महादेव का प्रसादी का वितरण किया गया। यह सिलसिला लगातार आठ घंटे से अधिक समय तक जारी रहा।

इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। गुलाबी, चांदिया, अदरक, बड़ी, पनीर, आंवला, चालका, मैथी, ड्राय फ्रूट, बंदू की सब्जी

वहीं श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रकार की शुगर फ्री मिठाई भी बनाई गई थी।

बीएसआई मैदान में आज अंडर 15 क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल

डीआर संवाददाता» सीहोर।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के अलावा अन्य प्रतियोगिता के लिए अंडर-15 क्रिकेट टीम का चयन होने जा रहा है। इसके लिए शहर के बीएसआई मैदान पर सुबह नौ बजे ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के अनुसार एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीर वर्मा ने अंडर-15 टीम के लिए चयन समिति का गठन किया है। जिसमें रविन्द्र यादव, अभिषेक परसाई, कमलेश पारेमे, आशीष शर्मा, अमित शर्मा, सुनील जलोदिया, सतिशचंद्र लाल को शामिल किया गया है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी विवेक दीक्षित ने बताया कि सुबह नौ बजे आयोजित ट्रायल में सीहोर जिले के आष्टा, नसरुल्लागंज, बुधनी, इछावर, जावर, श्यामपुर, अहमदपुर सहित आस-पास के क्षेत्र के इच्छुक खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो खिलाड़ी अंडर-15 में आते है वे ही ट्रायल के लिए पात्र होंगे।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | कार्तिक शुक्ल पक्ष,09- 2082 | सीहोर,दिन गुरूवार,दिनांक 30 अक्टूबर 2025

न्यूज गैलरी

27 हजार 63 किसानों से 47 हजार 493 टन सोयाबीन की खरीदी

सीहोर। प्रदेश में सोयाबीन फसल के लिए लागू की गई भावांतर योजना में 9 लाख 36 हजार 352 किसानों ने पंजीयन कराया है। सोयाबीन का विक्रय 24 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है जो 15 जनवरी 2026 तक जारी रहेगा। अभी तक 27 हजार 63 किसानों से 47 हजार 493 टन सोयाबीन खरीदी गई है। मंगलवार 28 अक्टूबर को 10 हजार 861 किसानों से 19 हजार 191 टन सोयाबीन की खरीदी हुई। कृषि उपज मंडी देवास में साप्ताहिक 1699, इंदौर में 1579, उज्जैन में 1538, गंधवानी में 1253, बैरसिया में 1154, आगर में 1089, आष्टा में 1081, शाजापुर में 1053, तराना में 1040 एवं सागर मंडी में 962 टन सोयाबीन की खरीदी हुई। इसी प्रकार सर्वाधिक किसानों के पहुँचने की टॉप मंडियों में गंधवानी मंडी में 1294, देवास में 1182, उज्जैन में 1106, आष्टा में 1075, बैरसिया में 900, आगर में 891, इंदौर में 796, शाजापुर में 787, सीहोर में 741 एवं नरसिंहगढ़ मंडी में 701 किसान सोयाबीन की बिक्री के लिए पहुँचे। मंडी बाहरगांव जिला उज्जैन में अधिकतम भाव 5725 रुपये प्रति क्विंटल रहा। प्रदेश में सोयाबीन की बुवाई का रकबा गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 56.72 लाख हेक्टेयर था जो वर्तमान में 53.20 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष 2025-26 में 55.54 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन का उत्पादन हुआ है।

बनविर्मित कन्या छात्रावास एवं एरोपोनिक्स इकाई का करेंगे लोकार्पण

सीहोर। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 30 अक्टूबर को सीहोर स्थित आदर्श कृषि महाविद्यालय में आयोजित समारोह में नवनिर्मित कन्या छात्रावास भवन एवं एरोपोनिक्स इकाई का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर आयोजित लोकार्पण समारोह में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कन्षाना तथा कुलगुरु डॉ अरविंद कुमार दुबल भी शामिल होंगे। कार्यक्रम 30 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे आयोजित किया जाएगा।

अब थोक विक्रेता 2 हजार मीट्रिक तक का कर सकेंगे भंडारण

सीहोर। गेहूं की नई स्टॉक सीमा 31 मार्च तक के लिए लागू कर दी है। थोक विक्रेता की स्टॉक सीमा 2000 मीट्रिक टन, प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टन, बिग चेन रिटेलर्स में प्रत्येक आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टन, बशर्ते अधिकतम मात्रा कुल दुकानों की संख्या 8 गुणा होना चाहिए। प्रोसेसर के लिए स्थापित क्षमता के 60 को 2025-26 के शेष महीनों में गुणा के बराबर स्थान होगा।

कृष्ण मृग रेस्क्यू अभियान फिर शुरू, 153 पकड़े

सीहोर। किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे कृष्ण मृगों को सुरक्षित जगह भेजने के लिए देश का पहला हेलिकॉप्टर आधारित वन्यजीव रेस्क्यू अभियान कुमपन को फिर से शुरू किया गया। शाजापुर जिले में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत अब तक कुल 448 कृष्ण मृगों को पकड़ा जा चुका है। छुपवास को पोलायकला तहसील क्षेत्र में 153 कृष्ण मृग पकड़े गए। पोलायकला तहसील के लसूड़िया धाम और निपानिया खुर्द के बीच बांस (ही आकार की पर्दे की दीवार) लगाई गई।

मांग तहसीलदार से बोले वरिष्ठनागरिक, दोनों तरफ सर्विस रोड नहीं बना तो ह

लवे ओवरब्रिज में दोनों तरफ सर्विस रोड की मांग को लेकर दिया धरना

डीआर संवाददाता» आष्टा

ब्रिज कार्पोरेशन और रेलवे विभाग द्वारा इलेक्ट्रिक बोर्ड कॉलोनी रेलवे क्रासिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य के चलते कई असुविधाएं की जा रही हैं। जिसको लेकर विभिन्न कॉलोनी के क्षेत्रवासियों ने पूर्व में भी सभी संबंधित विभागों में शिकायती ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने के कारण ओवर ब्रिज रेलवे क्रासिंग के पास के दीनदयाल नगर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, कृष्णा नगर, राजीव नगर और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2, बस्ती, शांति विहार इत्यादि कॉलोनी के वरिष्ठ लोगों ने निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया।

धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार ने निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड को लेकर धरना स्थल पर उपस्थित लोगों के साथ ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। धरना स्थल पर उपस्थित नागरिकों ने तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। अरुण व्यास द्वारा ज्ञापन का वाचन किया गया। जिसमें मांग की गई है कि निर्माणाधीन ब्रिज के कारण क्रासिंग से भोपाल की ओर उत्तर दिशा स्थित जनरूप 6 हजार कॉलोनीवासियों का एक मात्र पहुंच मार्ग बंद हो गया है, जिसका स्थायित समाधान आवश्यक है। कॉलोनीवासियों के सुगम तथा सुरक्षित आवागमन हेतु विभाग द्वारा पूर्व से कोई स्वीकृति नहीं दी गई है, तथा एप्रोच स्लाब तीन एवं कनेक्शन पहुँच मार्ग 0-140 गया जिससे आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसको मानक स्तर का बनाने हेतु निर्देश जारी किए जाए। ब्रिज से आगे-दोनों तरफ सर्विस

सांकेतिक धरना प्रदर्शन

रोड निर्माण किया जाए। योजना की विस्तृत रिपोर्ट में भी बंद हो गए पहुंच मार्ग से संलग्न रास्तों के समुचित समाधान का कोई जिक्र नहीं है, जिससे संबंधित योजना की कार्यान्वयनता पर प्रश्नचिन्ह लगता है। योजना की प्राक्कलित स्वीकृति में 76.60 मीटर लंबाई के लिए तो दोनों तरफ 850 मीटर अर्थात कुल 1700 मीटर 5.50 मीटर चौड़ाई की सर्विस रोड हेतु राशि रुपये 27633154/- फ्लैट 15 प्रतिशत जीएसटी स्वीकृत है। इस राशि का उपयोग अन्य किसी पद में न हो ऐसे निर्देश जारी किया जाए। योजना तैयार करने के पूर्व सर्विस रोड बनाने हेतु लेआउट तैयार होना चाहिये था जो नहीं किया गया। कृपया संबंधित विभाग से तत्काल सर्विस रोड का लेआउट तैयार करने के निर्देश जारी किया जाए। समिति के अध्यक्ष मुन्ना एवं मनोज पुजारी ने बताया कि प्रभावित कॉलोनियों के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन हेतु उक्त स्वीकृत राशि से सर्विस रोड का निर्माण होना है। कृपया इस दिशा का अध्ययन उपयोग में ले ये निर्देश जारी किया जाए। साथ ही इस हेतु प्रस्तावित लेआउट तत्काल तैयार करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देश जारी किया जाये ताकि कॉलोनी वासियों को ब्रिज निर्माण के पहले सर्विस रोड निर्मित होकर सुगम एवं सुरक्षित आवागमन हेतु मार्ग मिल सके। बड़ी संख्या में कॉलोनी वासी धरने में उपस्थित रहे।

सीसीटीवी कैमरे और स्ट्रीट लाइटें स्थापित की गई

डीआर संवाददाता» आष्टा

आष्टा में भोपाल-इंदौर हाईवे पर स्थित किलोरान जोड़ पर अब सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत कर दी गई है। पुलिस विभाग, नगर पालिका आष्टा और सीसीएसएल अमलताल टोल के संयुक्त प्रयासों से यहां सीसीटीवी कैमरे और स्ट्रीट लाइटें स्थापित की गई हैं। इससे पहले यह क्षेत्र रात में पूरी तरह अंधकार में डूबा रहता था, जिससे चलते लोगों को आवागमन में परेशानी होती थी और दुर्घटना तथा आपराधिक घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी।

नई व्यवस्था के तहत कुल तीन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो हाईवे से गुजरने वाले वाहनों और आसपास की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि इन कैमरों से पुलिस को रियल टाइम में निगरानी करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइटों से क्षेत्र पूरी तरह रोशन हो चुका है, जिससे दुर्घटना की दर और अपराध की संभावना भी कम होगी।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष फैलाश परमार ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि सुरक्षा को लेकर किया गया यह कदम क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा और संयुक्त प्रयासों से सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

बच्चों की दक्षता परखने स्कूलों में आज लगेंगे

डीआर संवाददाता» सीहोर

सीहोर जिले के सभी 1888 सरकारी प्राथमिक स्कूलों में गुरुवार को एफएलएन मेला लगेगा। इसका लक्ष्य कक्षा 3 में भाषा, गणितीय ज्ञान, जीवन कौशल और पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाना है। मेले में पढ़ाई के रोचक तरीकों पर चर्चा होगी।

कक्षा एक और दो के बच्चों को एफएलएन मेला रिपोर्ट कार्ड दिया जाएगा। इससे बच्चों की शारीरिक, मौखिक, भाषा और गणितीय दक्षताओं का मूल्यांकन होगा।

मेला तीन सत्रों में होगा। हर सत्र में बच्चों को दैनिक प्रगति को समझने के लिए गतिविधियां कराई जाएंगी। रिपोर्ट कार्ड के जरिए बच्चों की क्षमताओं की जांच की जाएगी।

इसमें शारीरिक विकास, मौखिक क्षमता, भाषा दक्षता और गणितीय कौशल शामिल होंगे।

डीपीसी आरएस राठौर ने सभी स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि मेला स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों की मौजूदगी में करें।

इससे शिक्षा में समुदाय की भागीदारी बढ़ेगी। एफएलएन तैयार बच्चों को उनकी क्षमताओं के अनुसार आगे बढ़ने का मौका देगा। यह निपुण भारत अभियान के लक्ष्य को आगे बढ़ाने की दिशा में अहम कदम होगा।

भगवान सहस्त्रबाहु की महाआरती में शामिल हुए लोग

डीआर संवाददाता» सीहोर

क्षत्रीय सहस्त्रबाहु मंदिर प्रांगण सीहोर नदी तट पर भगवान सहस्त्रबाहु के जन्म सप्तमी के अवसर पर महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलचुरी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप बिलोरिया ने की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश राव मुख्य अतिथि के रूप में रहे। उन्होंने कहा कि भगवान हमारी सभी मनोकामना पूर्ण करते हैं। उन्हें सच्चे मन से याद करना जरूरी है। साथ ही कन्या स्मित राव धर्मशाला में भी महाआरती संपन्न हुई। एवं सभी स्वजातीय बंधुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। साथ ही वरिष्ठ जनों का सम्मान एवं मेधावी छात्र छात्रों का सम्मान प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया। मंदिर प्रांगण में रंगोली बनाने वाली साक्षी जायसवाल एवं दीक्षा जायसवाल का सम्मान अध्यक्ष ओंकार कर अतिथि द्वारा किया गया। प्रतियोगिता आयोजित करने वाले युवाओं का स्वागत सम्मान भी अध्यक्ष ओंकार कर किया गया। जिसमें मुख्य रूप से देवराज राव, जसवंत राव, कुलदीप राव, बिल्लू राव, कल्पना राव, गोलू राव, हर्ष राव, केतु राव आदि रहे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष परमानंद राव, महामंत्री बेनी राव, राजेश राव, सुरेश राव लाडनसिंह, मोहन राव बाबा, राजेश बिलोरिया, उपस्थित थे।

1 से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों का हुआ परीक्षण

डीआर संवाददाता» आष्टा

सामाजिक न्याय व दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देश पर बुधवार को जनपद पंचायत सम्भागृह में दिव्यांग बच्चों के लिए परीक्षण शिविर लगाया गया।

शिविर में 1 से 18 वर्ष तक के बच्चों का परीक्षण किया गया। यह शिविर तुषनाइल लमिटेड कन्सुलिटी हाई कोर्ट के आदेश से जावर में आयोजित हुआ।

समाधान प्रतिनिधि रवि रंजन नेगेरा ने कहा कि माननीय सरकार गरीब, असहाय और कमजोर वर्ग के लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं से ऐसे लोगों को लाभ दे रही है।

